कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र

वर्ष:03, अंक:-291, पृष्ठ: 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | बुधवार, 01 मई, 2024

## दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों को मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी मिली है। जिसमें डीपीएस, एमिटी, मदर मैरी स्कूल समेत कई बड़े स्कूल शामिल हैं। बम की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस के साथ ही बम निरोधक दस्ता और अग्निशमन विभाग का दस्ता भी मौके पर पहुंचा। स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया गया। बताया जा रहा है कि अभी तक कुछ नहीं मिला है। दमकल विभाग ने बताया कि अब तक दिल्ली फायर सर्विस को स्कूलों में बम की धमकी के संबंध में 60 से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं।

दिल्ली के द्वारका में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित मदर मैरी स्कूल में भी बम की धमकी मिली है। वहीं, संस्कृति स्कूल और पुष्प विहार स्थित एमिटी स्कूल को भी ईमेल के जरिए धमकी दी गई है। छावला के सेंट थॉमस, सरिता विहार के जीडी गोयनका, बाबा हरिदास नगर के एवरग्रीन पब्लिक स्कूल और द्वारका के सचदेवा ग्लोबल स्कूल को भी धमकी मिली है।

दिल्ली के अलावा नोएडा के दिल्ली पब्लिक स्कूल को भी धमकी भरा ईमेल मिला है। जिसके बाद पुलिस से लेकर स्कूल प्रशासन अलर्ट हो गया। एहतियातन बच्चों को बाहर निकाला गया। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। मौके पर पुलिस और बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची है।



> "आज सुबह मिली स्कूलों में बम की सूचना पर दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिक जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया है। दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है और परिस्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हैं। आप सभी से अनुरोध है कि कानून पर भरोसा रखें और शांति बनाए रखें।"
>
> दिल्ली पुलिस

## सिलेंडर ब्लास्ट में मां और तीन बच्चों की मौत

**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज जिले में रसोई गैस सिलेंडर में ब्लास्ट करने से महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। वहीं तीन लोगों की हालत गंभीर है। उन्हें पूर्णिया में भर्ती करवाया गया है। घटना देर रात्रि को जिले के सदर थाना क्षेत्र के पौआखाली गांव में हुई। बताया जा रहा है कि घर में खाना बनाया जा रहा था। अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। जब तक परिवार के लोग संभल पाते तब तक आग पूरे किचन में फैल गई। देखते ही देखते गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। इसी जद में परिवार के छह लोग आ गए।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आननफानन में घायलों को पहले किशनगंज में भर्ती करवाया गया। यहां से सभी को बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच, पूर्णिया में भर्ती करवाया गया। यहां डॉक्टरों ने महिला और उसके तीन बच्चों को मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्चे के मामा और मौसी का गंभीर हालत में प्राइवेट अस्पताल में इलाज जारी है।



### कार्टून कोना




## बरेली सेंट्रल जेल से पूर्व सांसद धनंजय सिंह रिहा

**बरेली।** जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह बरेली सेंट्रल जेल से रिहा हो गए हैं। बुधवार सुबह जेल से रिहा होने के बाद बाहर आते ही उन्होंने कहा कि मुझे फर्जी मुकदमे में सजा हुई। मेरी पत्नी चुनाव लड़ रही हैं। मैं सीधे अपने क्षेत्र में जाऊंगा। इसके बाद वह अपने जौनपुर के लिए रवाना हो गए। आपको बता दें कि रिहाई का परवाना लेकर जौनपुर जेल से स्पेशल मैसेंजर बरेली सेंट्रल जेल के लिए रवाना हुए थे। बुधवार सुबह उनकी जेल में रिहाई हो गई। शनिवार से जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बरेली सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। धनंजय सिंह को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था। उसी दिन धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत दे दी थी, लेकिन सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## डॉक्टर बोले- घबराएं नहीं, कोरोना टीके से रिस्क 10 लाख में महज एक को

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश कोर्ट में बताया है कि उसकी कोविड वैक्सीन थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) का कारण बन सकती है, जिससे खून का थक्का जमता है। भारत में इस कंपनी की कोविशील्ड के 170 करोड़ डोज लगे हैं। रांची रिम्स के न्यूरो सर्जन डॉ. विकास कुमार ने बताया कि अमेरिकन सोसाइटी ऑफ हेमेटोलॉजी के पब्लिकेशन के मुताबिक, वैक्सीन से साइड इफेक्ट का खतरा 10 लाख लोगों से 1 से 15 को ही होता है। इनमें भी 90% ठीक हो जाते हैं। इसमें मौत की आशंका सिर्फ 0.00013% ही है। यानी 10 लाख में 13 को साइड इफेक्ट है, तो इनमें से जानलेवा रिस्क सिर्फ एक को होगी।





# बासौनी में चंबल के बीहड़ से उठी आग की लपटें

## दुर्गम बीहड़ में रास्ते के अभाव में नहीं पहुंच सकी दमकल, डंडों, धूल से आग बुझाने में जूझे

**बाह** एनएनआई। बासौनी के चंबल के बीहड़ में सोमवार की रात लगी आग से तालपुरा गांव में अफरा तफरी मची रही। मंगलवार की दोपहर सुलगते बीहड़ से आग की लपटें उठी तो हड़कंप मच गया। फायर बिग्रेड वनकर्मी और ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जूझती रही। सोमवार आधी रात को बासौनी और पुराताल के बीच के चंबल के बीहड़ में आग लग गई। जिससे रात भर पुराताल गांव में अफरा तफरी मची रही। बाह से पहुंची फायर बिग्रेड वनकर्मी और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुटी रही। देर रात आग पर काबू पा लिया। दुर्गम बीहड़ में दमकल न पहुंचने पर लाठी, डंडों और धूल से आग बुझाने में जुटे रहे। मंगलवार की दोपहर सुलगते बीहड़ से आग की लपटें उठने लगी। दोबारा से पहुंची दमकल ने आग बुझाई। आग से करीब 4 एकड़ क्षेत्र में झाड़ियां और घास फूस जलकर नष्ट हो गया। बाह के रेंजर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि बीहड़ में लगी आग बुझा ली गई है। आग से झाड़ियां और घास फूस जले हैं।

# आदित्य ने जेईई मेन में 99.43% के साथ किया खेरागढ़ का नाम रोशन

एनएनआई

**आगरा**। आदित्य शर्मा सुपौत्र श्री लोकेन्द्र नाथ शर्मा (पूर्व सचिव) एवं सुपुत्र श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा गाँव कुतकपुर गोला फतेहाबाद ने जेईई मेन में 99.43% के साथ 9135 वीं रैंक हासिल की। आदित्य के पिता प्राइवेट कंपनी में एक साधारण कर्मचारी हैं तथा माता गृहिणी हैं। आदित्य के माता-पिता ने हमेशा उनकी अच्छी पढाई पर जोर दिया जिससे कि वह भविष्य में चलकर कुछ कर करे और उनका नाम रौशन करें। इससे पहले आदित्य ने स्कूल में 96% के साथ टॉप किया था। साथ ही एनडीए का एग्जाम भी दो बार पास किया है। आदित्य ने बताया कि इस सफलता में उनके दो बड़े भाइयों (अभिषेक एवं ध्रुव) का महत्वपूर्ण योगदान है। अगर वे नहीं होते तो यह संभव न हो पाता चूंकि उनके भाइयों ने सही समय पर उनकी क्षमता को पहचाना और उन्हें कि उनकी क्षमता अनुसार सही मार्ग बताया और उनको यह लक्ष्य प्राप्त करने में समय-समय पर मार्गदर्शन करते रहे। आदित्य ने



इसकी तैयारी ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से की थी। आदित्य की इस कामयाबी से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# आधा दर्जन अवैध तमंचों के साथ असलाह तस्कर गिरफ्तार

**सैंया** एनएनआई। अवैध असलाहों की तस्करी कर बिक्री के लिए ले जा रहे एक असलाह तस्कर को सैंया पुलिस ने खेरागढ़ मार्ग पर चैकिंग के दोरान दबोच लिया । आरोपी के कब्जे से आधा दर्जन देशी तमंचे व चार जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता हासिल की है।

लोक सभा चुनाव को लेकर प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व निरीक्षक अपराध राजेश कुमार , एस आई अमर राणा के साथ रात्रि 10:45 मि.पर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे तभी सैंया की ओर से एक युवक बैग लेकर आ रहा था कि युवक पुलिस को देख भागने लगा । पुलिस ने युवक को भागते हुए देख घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस द्वारा बैग की तलाशी लेने पर बैग में रखे आधा दर्जन देशी तमंचे 315 बोर व चार जिन्दा कारतूस बरामद किए है। पूछताछ के दौरान युवक गगन उपाध्याय पुत्र महेश चन्द्र उपाध्याय निवासी ब्राह्मण गली थाना कागारौल, आगरा ने बताया कि वह तमंचों को बिक्री के लिए लाया है । प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# चंबल की चुनौती, बॉर्डर पर सतर्कता के निर्देश

**बाह** एनएनआई। लोकसभा चुनाव में चंबल के बीहड़ को चुनौती के रूप में लेकर बॉर्डर पर सतर्क रहने के निर्देश आगरा के पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गोंड ने दिये। दरअसल भिंड, मुरैना की सीमा पर स्थित खेडा राठौर, बासौनी थाने का पुलिस आयुक्त ने निरीक्षण कर कार्यालय, मालखाने, महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क को परखा। इसके बाद कैंजराघाट पहुंचे। चंबल नदी पर बने पांटून पुल पर बैरियर लगाकर हो रही चैकिंग को देखा। आसपास के लोगों से पूछताछ की। लोकसभा चुनाव के दौरान मध्य प्रदेश के बॉर्डर से जुड़े मुख्य रास्तों पर सघन चैकिंग के निर्देश दिये। बीहड़ के चोर रास्तों पर नजर रखने की हिदायत दी। लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने को हर एतिहाती कदम उठाने के निर्देश दिये। इस दौरान थानाध्यक्ष बासौनी वीरेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष खेडा राठौर रोहिताश सिंह आदि मौजूद रहे।



# पोलिंग पार्टी मिलान कर दिया गया प्रशिक्षण



**कासगंज** एनएनआई। लोक सभा सामान्य निर्वाचन के लिए लगाए गए कार्मिकों को मंगलवार को पार्टी मिलान कराते हुए सैकड़ो कार्मिकों का प्रशिक्षण कराया गया आपको बता दें मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण श्री गणेश इंटर कॉलेज में चल रहा है जिसमें चुनाव कार्य में लगे कार्मिकों का पार्टी मिलान कराते हुए बेहतर प्रशिक्षण दिया गया है प्रशिक्षण प्राप्त कर्मियों की परीक्षा कराई गई जिसमें बैलेट यूनिट,कंट्रोल यूनिट इत्यादि से संबंधित 20 प्रश्न पूछे गए थे,मास्टर ट्रेनर्स ने बताया जो कार्मिक इस परीक्षा में फेल होंगे उनका पुनः प्रशिक्षण कराया जाएगा।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं विवेक खंडेलवाल मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
प्रधान संपादक अरविन्द सिंह
RNI Title Code no UPHIN49797
निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# छलका दर्द: अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते हम

**मजदूर दिवस पर विशेष**

एनएनआई

**बाह**। आर्थिक तंगी से जूझ रहे हमीरपुर, राठ, एटा, अलीगढ़, जालौन के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार के मजदूर भट्ठों पर ईंट पथाई का काम करते हैं। बाह, फतेहाबाद, राजाखेडा में करीब 125 ईंट भट्ठों पर काम कर अपने बच्चों का भरण पोषण तो मजदूर परिवार कर लेते हैं, लेकिन उनकी पढ़ाई नहीं करा पाते। मजदूर दिवस की पूर्व बेला पर उनकी वेदना के स्वर फूटे बिना नहीं रह सके। मजदूरों के कल्याण के लिए बनी तमाम योजनायें इन परिवारों तक





नही पहुंच सकी है। रहने को घर नही हैं। हमीरपुर के सुशील, पप्पू, सुनील, कमला, सरला, जालौन के कमल सिंह, मूला, रामकुमार, गायत्री, सुशीला, राठ के धीरेन्द्र, ममता ने बताया कि बेटों बेटियों की पढ़ाई के लिए बनी प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ नही मिल सका है। सरकार ने उनके कल्याण के लिए योजनायें बनाई हैं, लेकिन उनके भरण पोषण के लिए मजदूरी ही एक मात्र जरिया है। ममता, कमला, गायत्री, सुशीला ने बताया कि बच्चों को पढ़ाना तो चाहते हैं, लेकिन सिर्फ 5 महीने भट्ठों पर काम करने की बजह से महज भरण पोषण का इंतजाम हो पाता है।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना बृज

बुधवार, 01 मई, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र



# कांग्रेस नेत्री के साथ 27 लाख की ठगी

## बैंक प्रबंधक और मशीनरी सप्लायर को नोटिस जारी

मैनपुरी एनएनआई। कांग्रेस नेत्री के साथ 27 लाख रुपये की ठगी के मामले में यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक सहित फ्लोर मिल के सामान के सप्लायर को नोटिस जारी किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में की गई शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। मामले की सुनवाई के लिए 8 मई की तारीख तय की गई है।

शहर के मोहल्ला भरतवाल निवासी ममता राजपूत महिला कांग्रेस की आगरा जोन की अध्यक्ष हैं। उन्होंने पीएमएफएमई योजना के तहत फ्लोर मिल लगाने के लिए 31 जुलाई 2023 को आवेदन किया।




20 नवंबर 2023 को उनका 40 लाख रुपये का लोन यूनियन बैंक शाखा कचहरी रोड से स्वीकृत हुआ। बैंक ने जय मां दुर्गा इंटरप्राइजेज नगला माकरोल रोहता, आगरा के संचालक सुरेंद्र तोमर के खाते में मशीनों की आपूर्ति के लिए 27 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से 20 नवंबर 2023 को भेज दिए थे।

आरोप है कि खाते में भुगतान होने के बाद भी संचालक ने मशीनों की आपूर्ति नहीं की है। बैंक के भेजे गए तीन नोटिस का जवाब भी नहीं दिया। प्राधिकरण सचिव ने यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक, फ्लोर मिल के सामान की सप्लाई करने वाले सप्लायर को नोटिस जारी किया है।

# जिला कारागार में फंदे पर लटका मिला कैदी

एनएनआई

एटा। कोतवाली नगर के हिंदूनगर निवासी करीब 25 वर्षीय साजिद 27 अक्तूबर 2021 से जिला कारागार में बंद था। दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में अदालत उसे दोषी ठहरा चुकी थी। शनिवार की रात करीब 9 बजे उसका शव जिला कारागार की पाकशाला में लगे पंखे पर लटका देखा गया। अपने अंगोछे से उसने फंदा बनाकर कसा था। वह बैरक नंबर 8 व 9 पर लंबरदार की ड्यूटी कर रहा था। सूचना मिलते ही कारागार के अधिकारी वहां पहुंचे। इसके बाद सूचना उसके परिजन को दी गई।

मौके पर पहुंचे परिजन ने हत्या का आरोप लगाया। मृतक की चाची शबाना ने बताया कि रात लगभग 9:30 बजे हमें सूचना मिली कि साजिद की मौत हो गई है। इसके बाद हम सब लोग जेल पहुंचे। भाई फिरोज खान ने कहा कि साजिद आत्महत्या नहीं कर सकता। मौके पर भी आत्महत्या जैसी स्थिति नहीं लग रही थी। मामले की जांच होनी चाहिए। इस दौरान मौके पर मुस्लिम समाज के नेता भी पहुंच गए। पुलिस से नोकझोंक भी हुई। सिद्धदोष कैदी साजिद 2021 से जेल में निरुद्ध था। दुष्कर्म के मामले में उसे 10 साल तो पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल की सजा अदालत से सुनाई गई थी। मेरे स्तर से मामले की प्रशासनिक जांच शुरू करा दी गई है।




# पति ने लाठी से पीटकर किया पत्नी का कत्ल

एनएनआई

फिरोजाबाद। जिले में पति ने लाठी से पीट-पीटकर कर पत्नी की हत्या कर दी। इस दौरा उसने तीनों बच्चों पर भी हमल कर उन्हें घायल कर दिया। चीख पुकार सुन आए पड़ोसियों ने बच्चों को बचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

ये घटना थाना सिरसागंज क्षेत्र के गांव गड़िया नायन की है। बताया गया है कि यहां के रहने वाले सुरेश द्वारा अपनी पत्नी रीमा के सिर पर लाठी से जानलेवा हमला कर दिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इस दौरान दो बेटी पल्लवी और सोनम के साथ छह माह के मासूम बेटे पर भी वार किए। हमले में तीनों बच्चे घायल हो गए।

सूचना मिलने पर सीओ सिरसागंज अरुण कुमार चौरसिया और प्रभारी निरीक्षक सिरसागंज बैजनाथ सिंह पुलिस टीम और फील्ड यूनिट की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। रीमा का शव चारपाई पर पड़ा हुआ था। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेने के साथ ही बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा है।

# निर्वस्त्र मिली महिला अभी भी बेहोश, दुष्कर्म की पुष्टि नहीं

अलीगढ़ एनएनआई। गांव अरनी अलफपुर के बीच ईंट भट्ठे के समीप मक्का के खेत में निर्वस्त्र हालत में मिली महिला अभी भी बेहोश है। सीओ बरला के अनुसार अभी तक की जांच में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। चार टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही महिला की पहचान कर ली जाएगी। बेहोशी की हालत में मिली महिला के बारे में किसी ने ग्राम प्रधान शान मोहम्मद को सूचना दी थी। प्रधान की सूचना पर एसआई संजीव चौहान ने मौके पर पहुंचकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छर्रा पहुंचाया था। वहां से जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। सीओ बरला सर्जना सिंह के अनुसार इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि महिला का सीटी स्कैन सामान्य है।

# विदा होकर आई दुल्हन की दो घंटे बाद मौत

इटावा एनएनआई। जिले के भरथना कस्बे में धूमधाम से निकाह होने के बाद दूल्हा अपनी दुल्हन को विदा कराकर घर लाया। रात करीब 10 बजे ससुराल पहुंचने के बाद दुल्हन की तबीयत बिगड़ गई। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रात करीब 12 बजे रास्ते में मौत हो गई। पल भर में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक की बरात 29 अप्रैल को फिरोजाबाद के कस्बा सिरसागंज गई थी। निकाह के बाद बरात दुल्हन को लेकर रात करीब 10 बजे भरथना स्थित घर लौटी। बताया जा रहा है कि बरात वापस आने के कुछ देर बाद दुल्हन की तबीयत बिगड़ गई।

दूल्हा समेत उसके परिजन इलाज के लिए भरथना के एक अस्पताल ले गए। सुधार नहीं होने पर इटावा के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने सैफई मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी। सैफई ले जाने के दौरान रास्ते में दुल्हन की मौत हो गई। दुल्हन की मौत की सूचना पर दोनों पक्ष में मातम पसर गया। दुल्हन के शव को ससुराल लाया गया, जहां सूचना पर मृतका के पिता आदि परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में सुलह समझौते के बाद भरथना में ही अंतिम संस्कार किया गया। फिलहाल मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। वर पक्ष के लोगों का कहना है कि दुल्हन निकाह के दौरान ही बीमार थी।

# कमी मिली तो नहीं दिया जाएगा लाइसेंस

## स्वास्थ्य विभाग में इस साल 22 नए अस्पतालों के लिए आए आवेदन

एनएनआई

**आगरा।** स्वास्थ्य विभाग में 2024-25 सत्र के लिए नए 22 चिकित्सकीय संस्थान के आवेदन आए हैं। इनके लाइसेंस पर आचार संहिता खत्म होने के बाद निर्णय लिया जाएगा। एक डॉक्टर ने दो-दो अस्पताल और लैब के लिए आवेदन किया है। इनको शपथ पत्र भी देना होगा। इनकी समिति जांच करेगी। अस्पताल का स्थान, डॉक्टर बदलने और दागी अस्पतालों का ऑडिट होगा। सीएमओ डॉक्टर अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि थी। बीते




साल 1261 अस्पताल, लैब, क्लीनिक और रेडियो डायग्नोस्टिक सेंटर पंजीकृत थे। इस बार 1283 के आवेदन आए हैं। स्थान परिवर्तित हुए अस्पताल और पैथोलॉजी लैब, डॉक्टरों का पैनल बदलने वाले और दागी अस्पताल-लैब का ऑडिट कराया जाएगा। आज से लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आए आवेदनों का चिकित्सकीय संस्थानों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन शुरू होगा। मानक और प्रमाणपत्र पूरे होने पर ही लाइसेंस का नवीनीकरण होगा। नए अस्पताल के 22 आवेदन आए हैं।

आचार संहिता खत्म होने के बाद टीम भौतिक निरीक्षण करेगी। जरूरी मानक मिलने पर लाइसेंस जारी होगा। कई डॉक्टरों ने दो-दो अस्पताल और पैथोलॉजी लैब के लिए आवेदन किया है। इन डॉक्टरों से शपथ पत्र लिया जा रहा है, जिसमें दोनों चिकित्सकीय संस्थानों में सेवा देने का समय मांगा गया है। इन सभी की जांच करने के लिए एक समिति भी बनाई जा रही है। टीम निरीक्षण करने भी जाएगी। गड़बड़ी और मानक पूरे नहीं मिलने पर लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा।

# 4 हजार के लिए लड़ी 30 साल लड़ाई

(एनएनआई)

- स्कूल प्रबंधन को उपभोक्ता फोरम में जमा कराने ही पड़े चार के चालीस हजार

**आगरा।** स्कूल से चार हजार रुपये की जमानत राशि वापस लेने को छात्र के पिता ने 30 वर्ष तक लड़ाई लड़ी। वर्ष 1994 में स्कूल के खिलाफ उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम में परिवाद दायर किया था। वर्ष 1996 में आयोग के आदेश के 28 वर्ष बाद स्कूल ने 40 हजार 210 रुपये का चेक जमा कराया। दहतोरा के उदय प्रकाश ने जनवरी 1992 में अपने पुत्र उत्कर्ष का प्रवेश मेरिया एकेडमी कराया था। फीस और अन्य मद में 20 हजार रुपये जमा कराए थे।

इसमे चार हजार रुपये जमानत राशि के रूप में थे। यह धनराशि सत्र की समाप्ति के बाद स्कूल द्वारा छात्र को वापस करनी थी। अप्रैल 1994 में वादी ने प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र देकर जमानत राशि के चार हजार वापस करने का आग्रह किया। प्रबंधन द्वारा जमानत राशि नहीं देने पर वादी ने मई 1994 को आयोग में परिवाद दायर किया था। तत्कालीन आयोग अध्यक्ष द्वारा अक्टूबर 1996 को स्कूल प्रबंधन को आदेशित किया था कि वह मुकदमा दायर करने की तारीख से 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वादी मुकदमा को चार हजार रुपये वापस करे। साथ ही एक हजार रुपये प्रतिकर अदा करे। स्कूल प्रबंधन द्वारा अब जाकर आयोग में 40 हजार रुपये का चेक जमा कराया गया। आयोग के अध्यक्ष सर्वेश कुमार और सदस्य डॉ. अरुण कुमार ने परिवादी को उक्त चैक सुपुर्द करने के आदेश दिए।

# नाबालिग दंगल गर्ल से बदसलूकी

- गांव बगदा में आई थी राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग पहलवान दंगल देखने
- हाथरस के नामी पहलवान रामेश्वर और उसके साथियों पर लगा आरोप

एनएनआई

**आगरा।** ताजगंज के अकबरपुर बगदा गांव में भारत केसरी पहलवान हरिकेश के साथ दंगल देखने आई मथुरा की राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग पहलवान के साथ हाथरस के नामी पहलवान रामेश्वर ने साथियों के साथ छेड़छाड़ और अभद्रता की थी। भारत केसरी हरिकेश ने रामेश्वर और उसके साथियों पर फायरिंग का भी आरोप लगाया है। नाबालिग पहलवान की तहरीर पर पुलिस ने हाथरस के सैपऊ के रहने वाले पहलवान रामेश्वर और उसके साथियों अरविंद, असनुर खां, सुखवीर और चार अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, गाली-गलौज और बलवे की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

### मथुरा की रहने वाली है पहलवान

मथुरा की रहने वाली नाबालिग पहलवान ने रामेश्वर और उसके साथियों पर अपना पीछा करने, गाड़ी से खींचने का आरोप लगाया है। नाबालिग के अनुसार भारत केसरी हरिकेश ने उन्हें बचाया तो रामेश्वर और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। पुलिस के अनुसार भारत केसरी हरिकेश और रामेश्वर हाथरस में ही एक ही अखाड़े के पहलवान रहे हैं। अब दोनों अपना अलग अखाड़ा चलाते हैं। पिछली कई बड़ी कुश्ती में दोनों अखाड़े में आमने-सामने आने के बाद प्रतिद्वंदी हो गए हैं।

### लोगों ने मामला कराया शांत

पिछले सप्ताह खंदौली के गांव सैमरा में भी दोनों के बीच अखाड़े में विवाद हो गया था। वहां मौजूद लोगों ने बीच में पड़कर मामला शांत करा दिया था। पुलिस का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना में मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रूसी छात्र को कोर्स पूरा होने पर दी विदाई

एनएनआई

**आगरा।** कुलपति प्रो. आशु रानी और कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार ने रूस के छात्र को शिक्षा ग्रहण के बाद सर्टिफिकेट प्रदान किया विदाई दी। प्रमिम्मो विश्वविद्यालय, मॉस्को रूस और डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के बीच हुए करार के तहत हिन्दी भाषा और साहित्य के वैल्यू अडेड कोर्स का समापन तीस अप्रैल को हुआ। करार के तहत मॉस्को से आये रूसी छात्र यूरी रामाशोव द्वारा 20 दिवसीय हिंदी वैल्यू एडेड प्रोग्राम द्वारा हिन्दी भाषा और साहित्य की कक्षायें ली गईं। इसमें संस्थान की विभिन्न विषयों की अध्यापिकाओं जिसमें डॉ. रमा, डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, डॉ. मोहिनी दयाल आदि ने उन्हें हिन्दी भाषा की विभिन्न विधाओं के बारे में पठन-पाठन कराया। रुसी छात्र ने बताया कि वह भारतीय संस्कृति और साहित्य से प्रभावित हैं। अपने देश में रहकर हिन्दी भाषा का ज्ञान ले रहे थे। जब उन्हें मिग्मो विश्वविद्यालय मॉस्को से भारत में रहकर एक अल्पकालीन वैल्यू एडेड कोर्स का ऑफर मिला तो बेहद खुशी हुई। सुलहकुल की नगरी आगरा में उन्हें बहुत अच्छा लगा। यहां रहकर पठन-पाठन के 20 दिन किस तरह बीत गये पता ही नहीं लगा। संस्थान के निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर, डॉ. प्रदीप वर्मा, अनुज गर्ग, अंगद, डॉ. आदित्य प्रकाश, डॉ. कृष्ण कुमार और डॉ. संदीप सिंह ने रूसी छात्र को शुभकामनायें देते हुए विदाई दी

### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

# किसने मारी गोली, नहीं हुई पहचान

**स्कूल मैनेजर को गोली मारने वाले अभी पुलिस की नजरों से दूर** | **गोली मारने की वजह बनी पहेली, पुलिस के साथ परिजन भी अंजान**

(एनएनआई)

**आगरा।** स्कूल मैनेजर को गोली मारने वालों की घटना के 60 घंटे बाद कोई पहचान नहीं हो पाई है। हमलावरों ने क्यों गोली मारी, क्या दुश्मनी थी, इन सवालों से पुलिस के साथ ही घरवाले भी अंजान हैं। घायल स्कूल मैनेजर के भाई का कहना है कि न तो गांव और न ही शहर में उनके भाई की किसी से कोई दुश्मनी अथवा झगड़ा है। स्कूल मैनेजर आईसीयू में भर्ती हैं। ग्वालियर रोड पर सेवला मंदिर के पास सोमवार सुबह दो हमलावरों ने सैंथिया स्टेट निवासी नरेश चाहर को गोली मारी थी।

गोली उनकी पत्नी और तीन साल की बेटी के सामने मारी गई। नरेश की पत्नी पूजा का कहना है कि गोली उनके सिर पर निशाना लेकर चलाई गई थी। नरेश झुक गए, इसलिए गोली गले के पास जबड़े में फंस गई। पूजा के चीखने पर राहगीरों को आता देख हमलावर भाग गए थे। राहगीरों की मदद से नरेश को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन के बाद गोली निकाल दी। नरेश को वेंटीलेटर से आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। नरेश के भाई हरेश की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की फोटो निकाली गई है, जिससे उनकी पहचान की कोशिश की जा रही है। हालांकि दोनों ही हमलावरों ने अपने मुंह ढके हुए थे।



### कर रहे थे स्कूल स्टाफ का इंतजार

नरेश के भाई ने बताया कि नरेश अपनी छह साल की बेटी को स्कूल छोड़ने के बाद सेवला मंदिर के पास अपनी कार में अपने स्कूल के स्टाफ का इंतजार कर रहे थे। कागारौल में उनका स्कूल है। शारदा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रिठौरी को 2006 में उन्होंने शुरू किया था। स्कूल हाईस्कूल तक है। स्कूल का स्टाफ शहर से जाता है। एक साल पहले ही नरेश अपने परिवार के साथ ग्वालियर रोड स्थित सैंथिया स्टेट कॉलोनी में शिफ्ट हुए थे। हर रोज की तरह अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने के बाद अपनी पत्नी के साथ कार में स्कूल स्टाफ के आने का इंतजार कर रहे थे। उनके साथ सात लोग जाते थे। चूंकि पिछले कुछ दिनों से एक-दो टीचर्स छुट्टी पर चल रही हैं, इसलिए वे छोटी कार ले जा रहे थे। इससे पहले वो इको कार लेकर जाते थे। उनकी पत्नी पूजा भी स्कूल में पढ़ाती हैं।

### नहीं है किसी से रंजिश

हरेश का कहना है कि उनके भाई की किसी से रंजिश नहीं है। न ही गांव में और न ही शहर में। सभी से अच्छा व्यवहार है। शहर में भी अगर किसी से दुश्मनी होती या झगड़ा होता तो जानकारी मिलती, लेकिन किसी ने भी इस बात का कभी जिक्र नहीं किया है। सोमवार को नरेश को गोली मारने के बाद हमलावर आसपास की कॉलोनियों की गलियों से होकर भागे थे। पुलिस की जांच में इसकी जानकारी मिली है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं। चूंकि हमलावरों के चेहरे ढके हुए थे, इसलिए सीसीटीवी के माध्यम से उनके कपड़ों के आधार पर तलाश की जा रही है।

### साल साल पहले हुई थी शादी

नरेश की शादी सात साल पहले पूजा से हुई थी। दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी 6 साल की और छोटी तीन साल की है। बड़े भाई हरेश टैंकर चलाते हैं। अपने माता-पिता के साथ गांव में ही रहते हैं। चार भाई और दो बहनें हैं। सभी की शादी हो चुकी है।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

बुधवार, 1 मई, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र



# भोले नाथ के दर पर मत्था टेक शुरू किया जनसम्पर्क

- भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल ने छावनी क्षेत्र में किया जनसंपर्क
- ताजगंज, राजेश्वर और रावली मंडल में भाजपा प्रत्याशी का हुआ स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल ने बाबा भोले नाथ के दर पर पहुंचकर आशीर्वाद लेकर जनसम्पर्क शुरू किया। छावनी विधानसभा के राजेश्वर, ताजगंज और रावली मंडल में रोड शो जनसंपर्क वोट मांगे। राजेश्वर मंडल में शिवराज नगर, बैंक कॉलोनी स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में जाकर प्रो. बघेल ने भोले बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी का दिनेश नगर, शहीद नगर, शमशाबाद रोड, राजेश्वर पेट्रोल पंप पर स्वागत किया गया। ताजगंज के अब्बास नगर, गुम्मट, गुरुद्वारा ताजगंज, पुरानी मंडी, बसई चौकी क्षेत्र में रोड शो करते हुए भ्रमण किया। मेहर टॉकीज तिराहे से बालूगंज, छीपीटोला, औलिया रोड, बैकुंठी देवी चौराहा, साई का तकिया, मोहनपुरा, रावली मंदिर क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान उनका जगह-जगह पगड़ी, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। महिलाओं, बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। उन्होंने सात मई को होने वाले मतदान में देश के विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा अब देश की जनता जागरुक है। विकास और विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए जनता मोदी की गारंटी को विकास की गारंटी मान रही है। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी के साथ छावनी विधायक जीएस धर्मेश, रश्मि धाकड़, महेश शर्मा, मुनेंद्र जादौन, संजय अरोरा, सुनील करमचंदानी, रोहित कत्याल, डॉ. राजीव उपाध्याय, जगदीश पचौरी, सुधीर राठौर, कौशल चौहान, ओम शर्मा, मनीष साहू, राजीव कोहली, सुरेश खन्ना, शोभा जैन, शशि गुप्ता, सभी पार्षद और मंडलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# वाहनों के इंतजाम में जुटा परिवहन विभाग

एनएनआई

**आगरा।** लोकसभा चुनावों के तीसरे चरण में आगरा सुरक्षित और फतेहपुरसीकरी सीट पर सात मई को मतदान होना है। इसके इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। संभागीय परिवहन कार्यालय भी चुनाव कार्यों के लिए वाहनों को जुटाने में लगा हुआ है। विभाग ने चेतावनी जारी कर कहाकि चुनाव के लिए वाहन न देने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। गौरतलब है कि भारी और हल्के व्यवसायिक वाहनों के अलावा निजी वाहनों को भी चुनाव ड्यूटी में लगाए जाने की तैयारी है। निजी वाहनों को अपनी गाड़ी ड्राइवर के साथ प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी। यदि ड्राइवर नहीं है तो मालिक को गाड़ी के साथ सेवाएं देनी होंगी। आगरा सुरक्षित और फतेहपुर सीकरी सीट पर मतदान सात मई की सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। छह मई को मंडी समिति और खेरागढ़ से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। यह पहला मौका है जब दोनों लोकसभा क्षेत्र की पार्टियां अलग-अलग जगहों से रवाना की जा रही हैं। ऐसे में बसों और हल्के वाहनों की अधिक जरूरत पड़ रही है। आगरा में प्रशासन को चुनाव के लिए 2468 वाहनों की जरूरत है। वाहन स्वामियों ने अगर मना किया तो उनके खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी। वाहन स्वामियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। चार मई तक वाहन स्वामियों को अपने वाहन प्रशासन के सुपुर्द करने हैं। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आलोक कुमार ने बताया कि जनपद में तीसरे चरण के लिए सात मई को होने वाले मतदान के लिए 997 बस और 1471 हल्के वाहनों की आवश्यकता है। सम्भागीय परिवहन कार्यालय द्वारा अधिग्रहण के लिए सभी वाहन स्वामियों को नोटिस भेजे हैं। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए कुल 2468 वाहनों की आवश्यकता है। पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, पैरामिलिट्री बल के जवान आदि को मतदान केंद्र तक लाने और ले जाने के लिए वाहनों की सूची तैयार की गई है। इनके अधिग्रहण के लिए ट्रांसपोर्टरों के साथ वाहन स्वामियों को भी नोटिस भेजे गए हैं। सभी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 4 मई तक वाहन प्रशासन को सुपुर्द करना सुनिश्चित करें। हल्के वाहन डायट परिसर पचकुईयां में 3 मई को, सीएनजी बस नवीन गल्ला मण्डी समिति और डीजल बस खेरागढ़ मण्डी समिति में 4 मई को खड़े कराए जाएंगे। जो वाहन स्वामी वाहन नहीं देंगे उनके खिलाफ मुकदमा कराया जाएगा।

- चुनाव के लिए नहीं दिया वाहन तो होगी एफआईआर, निजी वाहन स्वामी भी रहें तैयार

# चुनावी खर्च में बघेल और चाहर अव्वल

- भाजपा प्रत्याशी प्रो. बघेल ने अब तक 24.83 लाख और राजकुमार चाहर 19 लाख खर्च किए

एनएनआई

**आगरा।** चुनावी खर्च में आगरा सुरक्षित सीट पर एसपी सिंह बघेल और फतेहपुर सीकरी सीट से राजकुमार चाहर सबसे आगे हैं। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकते हैं। फतेहपुर सीकरी के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक तपन कुमार और सान्तनु नन्दी आगरा के लिए व्यय प्रेक्षक एमएन मूर्ति और नितिना नागौरी की उपस्थिति में द्वितीय व्यय लेखों का निरीक्षण किया गया। आगरा सुरक्षित सीट पर भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल ने अभी तक 24.83 लाख रुपये खर्च किए हैं। जबकि पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के आराम सिंह ने 94820 रुपये खर्च किए हैं।

आगरा लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही ने 5.36 लाख रुपये खर्च किए हैं। इसी तरह से फतेहपुर सीकरी सीट से सबसे ज्यादा खर्चा भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर ने किया है। उन्होंने अभी तक 19 लाख रुपये खर्च किए हैं। जबकि निर्दलीय गिर्राज सिंह ने 47271 रुपये खर्च किए हैं। सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार ने 7.80 लाख रुपये, बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा ने 3.93 लाख रुपये और निर्दलीय डॉ. रामेश्वर सिंह ने 4.45 लाख रुपये खर्च किए हैं। इससे पहले राजकुमार चाहर सहित 6 प्रत्याशियों को खर्चा न बताने पर नोटिस भी दिया गया था। निर्वाचन व्यय की नोडल अधिकारी रीता सचान ने बताया कि फतेहपुर सीकरी क्षेत्र से राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से प्रत्याशी होतम सिंह निषाद ने अभी तक बिल वाउचर जमा नहीं कराए हैं। वहीं आगरा सुरक्षित सीट से भारतीय किसान मजदूर पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने खर्च रजिस्टर नहीं दिखाया। उन्होंने बताया कि दोनों प्रत्याशियों को नोटिस जारी किए हैं। चार मई को तीसरी बार चुनाव खर्च का सत्यापन होगा। खर्च का ब्यौरा नहीं बताने वाले प्रत्याशियों की अनुमतियां निरस्त हो सकती हैं। उनके विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया जा सकता है।

## बाह में आज रक्षामंत्री की सभा

**बाह (आगरा)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज बाह में जनसभा को सम्बोधित करने आ रहे हैं। आगरा में दो सीटों पर सात मई को वोट डाले जाएंगे। फतेहपुर सीकरी में कड़ी टक्कर है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के बाद अब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह यहां मोर्चा संभालने के लिए आ रहे हैं। आज अपराह्न तीन बजे बाह स्थित जरार मैदान में सभा कर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के लिए रक्षामंत्री वोट मांगेंगे। इधर खंदौली में दो मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल के समर्थन में सभा करेंगे। फतेहपुर सीकरी सीट गठबंधन में कांग्रेस के खाते में आई है। यहां कांग्रेस से रामनाथ सिकरवार उर्फ फौजी बाबा के समर्थन में कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रोड शो करने के लिए आएंगी। प्रियंका गांधी के रोड शो के लिए सपा और कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। चार मई को कोठी मीना बाजार में बसपा प्रमुख मायावती आगरा सुरक्षित लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी से बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा के समर्थन में जनसभा करेंगी।

# स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त

## मंडी समिति में रखी जाएंगी कड़ी सुरक्षा में ईवीएम

एनएनआई

**आगरा।** चुनाव आयोग द्वारा तीसरे चरण के मतदान को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं। स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल पर तैयारियां चुस्त-दुरुस्त की जा रही हैं। आगरा में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। वोटिंग के बाद ईवीएम में जनता के फैसले को सुरक्षित नवीन गल्ला गल्ला मंडी स्थित स्ट्रांग रूम मतगणना स्थल लाया जाएगा।

जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना तक ईवीएम को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



नवीन गल्ला मंडी स्थल को स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल बनाया गया है, जहां ईवीएम को सुरक्षित रखा जाएगा। 4 जून को मतगणना के लिए तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। ईवीएम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रहेंगी। 4 जून को मतगणना के बाद जनता का फैसला सामने आएगा।

### प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेगी जनता

लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। यानी के हम 2024 के लोकसभा चुनाव के बीच में हैं। आगरा में तीसरे चरण के मतदान के दौरान जनता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेगी और जनता के फैसले को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में पहुंचाया जाएगा। ईवीएम को सुरक्षित रखने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नवीन गल्ला मंडी पर किए गए हैं। जहां जनता का फैसला ईवीएम में कैद होकर सुरक्षित रखा जाएगा।

# बगीचे बनाएं खूबसूरत

## प्रकृति प्रेमियों के बीच हुई प्रतियोगिता, बागवानी के दिए सुझाव



एनएनआई

आगरा। वाटर वर्क्स स्थित अतिथि वन में प्रकृति प्रेमियों का जमावड़ा हुआ। इस दौरान बगीचों को लेकर प्रकृति प्रेमियों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। बागवानी को कैसे और बेहतर बनाएं, की जानकारी दी गई। इस दौरान पूर्व में कराई गईं प्रतियोगिता के विजेताओं के अलावा कार्यक्रम के संरक्षक सतीश अरोरा, पूनम अरोरा, साधना भार्गव और नीतू अग्रवाल को भी मोमेंटो और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बागवानी को और बेहतर बनाने के लिए निर्णायकों द्वारा जानकारी दी गई। अतिथि सपना गोयल, रुचिता कपूर, ललिता कर्मचंदानी, रजनी, संगीता अग्रवाल को पौधे और खाद के पैकेट प्रदान किए गए। इस दौरान रितु गोयल ने सभी को पेड़-पौधों से सम्बन्धित मनोरंजक गेम्स खिलाए। प्रतियोगिता के निर्णायक रहे श्रुति सिन्हा, चंद्रशेखर शर्मा और आरके कपूर। संचालन करते हुए अमित कौरा ने बताया कि हमारे ग्रुप का उद्देश्य लोगों में प्रकृति के लिए चेतना जगाना और पौधे वितरित करना है। धन्यवाद ज्ञापन रचना कपूर ने किया। इस मौके पर अंजली स्वरूप, डॉ. माधवी कुलश्रेष्ठ, राहुल अग्रवाल, संजीव गोयल, अमित लवानिया, आरके जैन, मंजू गुप्ता, डॉ. अशोक कुशवाह, रीता शर्मा, वर्षा अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, नफीस अमीर जाफरी, प्रमोद धनगर, अमरेंद्र सचान, अखिल कपूर, पद्मा विश्वानी, डॉली अग्रवाल, अवधेश उपाध्याय, निशु दत्त शर्मा, नितिन नाथ शर्मा, ममता पचौरी, राजकुमारी पाराशर, सिमरन अलरेजा, क्षमा दुबे, वंदना परिहार, ममता गोयल, डॉ. सीमा सडाना, शीरू गुप्ता, बरखा वर्मा, मोंटी अग्रवाल, साक्षी शर्मा, संगीता अग्रवाल, रूपाशी, नीलम गुप्ता, प्रीति गुप्ता, पुष्पेन्द्र शर्मा, वीना शर्मा, रेनू बंसल, रूबी बघेल, डॉ. निशीथ स्वरूप, यश गोयल, दीपक शर्मा, बब्बल परमार, अनु अरोरा, रिचा गोयल, सतीश गोयल, पूजा गर्ग, श्वेता अग्निहोत्री, श्वेता शर्मा, दीपा मित्तल और ऋतुवी आदि मौजूद रहीं।

## सेल्फ फाइनेंस कॉलेज संगठन ने कुलपति और परीक्षा नियंत्रक को दिया ज्ञापन



आगरा एनएनआई। सेल्फ फाइनेंस कॉलेज संगठन ने दस सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन कुलपति प्रो. आशु रानी और परीक्षा नियंत्रक को सौंपा। ज्ञापन में विश्वविद्यालय में कॉलेज संचालकों के समक्ष आ रही समस्याओं को रखा गया। सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा ने बताया कि कुलपति और परीक्षा नियंत्रक ने आश्वस्त किया है कि उनकी सभी मांगों को परीक्षा समिति की बैठक में रखा जाएगा। इस मौके पर सेल्फ फाइनेंस एसोसियेशन के अध्यक्ष कृपाल सिंह आर्य, महामंत्री डॉ. राजीव सिंह, उपाध्यक्ष श्याम चौधरी, संरक्षक विपिन राज सिंह, प्रमोद सिकरवार, अभिलाष यादव और यतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## रेलवे से सेवानिवृत्त हुए 17 कर्मचारियों को दी विदाई




आगरा एनएनआई। रेलवे से सेवानिवृत्त हुए 17 कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। सभी को भुगतान प्रपत्र, गोल्ड प्लेटिड और सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। इस दौरान रेल अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से कहाकि आप हमेशा रेल परिवार का हिस्सा रहेंगे। मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश के निर्देशन और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सनत जैन की अध्यक्षता में हुए समारोह में रेलवे की सेवा से रिटायर्ड होने वाले 17 रेल कर्मचारियों को आगरा रेल मंडल के गोवर्धन सभागार में विदाई दी गई। सभी सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को समापन भुगतान ऑन लाइन पेंशन पेमेंट आर्डर जारी किये गये। सनत जैन ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना की। वैभव कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में सभी सहयोगी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। संचालन हाकिम सिंह ने किया।






# छिड़ी बांसुरी की तान मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

- दिल्ली पब्लिक स्कूल के शास्त्रीपुरम में बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना ने दी प्रस्तुति

एनएनआई




**आगरा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल शास्त्रीपुरम में पंडित राजेंद्र प्रसन्ना ने जब बांसुरी की मनमोहक तानें छेड़ीं तो श्रोता मंत्रमुग्ध होकर मानो कृष्णमय हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ राग 'अहीर भैरव' की मधुर तान से शुरू होकर 'राम सिया राम' की स्वर लहरियों पर समाप्त हुआ। तबले पर ललित कुमार और बांसुरी पर सम्यक पाराशरी ने सहयोग किया। पंडित राजेंद्र प्रसन्ना बनारस घराने के जाने-माने बांसुरी और शहनाई वादक हैं। उन्हें संगीत नाटक अकादमी, ग्रैमी पुरस्कार और लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। उन्होंने देश-विदेश में हजारों कार्यक्रमों में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा पंडित राजेंद्र प्रसन्ना का स्वागत किया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंत्र उच्चारण के मध्य पंडित राजेंद्र कृष्ण और प्रधानाचार्य रविंद्र पांडे द्वारा संगीत की देवी मां वीणा पाणि के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासा पूर्ण प्रश्नोत्तरी का समाधान पंडित जी ने बड़े ही रोचक अंदाज में किया। उन्होंने बताया कि संगीत सीखने की कोई उम्र नहीं है और शिष्य को सदैव गुरु के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। प्रधानाचार्य रविन्द्र पांडे ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

# आरबीएस में मतदान के लिए किया जागरूक

एनएनआई

**आगरा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए राजा बलवन्त सिंह इंटर कालेज, आगरा में सह प्रभारी अधिकारी स्वीप डॉ. इन्द्र प्रकाश सिंह सोलंकी तथा सदस्य स्वीप टीम डॉ. अजय यादव की उपस्थिति में जोर शोर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस और एनसीसी के छात्र/छात्रायें भी शामिल थीं, जिनके माध्यम से बैनर एवं पोस्टर भी बनाये गये। सह प्रभारी अधिकारी स्वीप डा. इन्द्र प्रकाश सिंह सोलंकी द्वारा छात्र/छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया तथा मतदान प्रतिशत को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। डा इन्द्र प्रकाश सिंह सोलंकी द्वारा मतदाता शपथ भी दिलाई गई। कालेज के प्रधानाचार्य मेजर विवेक वीर सिंह, डा. डीके सिंह, कार्यक्रम अधिकारी आशीष यादव, एनसीसी प्रभारी अमित यादव, सरोज कुमार, डा. राजीव शर्मा, डा. मनोज शर्मा एवं डा. अंजुल चौहान सहित शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

# एक पहल शिविर में हुआ 25 यूनिट रक्तदान




एनएनआई

**आगरा।** एक पहल बीआर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हेड हेल्ड हाई, राइनोस जिम, मेधा, जलवा ग्रुप और बीइंग हिंदू संस्था के सहयोग से लोकहितम ब्लड बैंक कमलानगर में लगाए गए रक्तदान शिविर में 25 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य बैंक में रक्तदान की कमी को पूर्ण करना और युवा पीढ़ी को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित करना था। रक्तदान शिविर में मनीष राय, अंकित खंडेलवाल, धीरज अरोड़ा, मानस राय, अक्षेष मित्तल, कुनाल हूरा और लोकहितम ब्लड बैंक से रोहित अग्रवाल, अर्पित गोयल व मयंक गोयल आदि मौजूद रहे।

# पहले जानो, फिर श्रद्धा रखो: मुनिश्री

एनएनआई



**आगरा।** कमलानगर डी ब्लॉक जैन मंदिर से मेडिटेशन गुरू उपाध्याय विहसंत सागर और मुनिश्री विश्वसम्य सागर बैण्ड बाजों के साथ मंगल विहार कर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर शालीमार एन्क्लेव कमलानगर पहुंचे। जहां जैन समाज ने पाद प्रक्षालन और मंगल आरती कर उनकी अगवानी की। उपाध्याय संघ ने मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ और अन्य सभी प्रतिमाओं के दर्शन किए। इस दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय श्री ने कहा कि पहले जानो फिर श्रद्धा रखो। उन्होंने कहाकि धर्म शब्द के अनेक अर्थ होते हैं। जैसे दूध शब्द है, तो ऑकड़ी के पेड़ से निकलने वाले द्रव्य को भी दूध बोलते है और गाय के भी दूध को दूध बोलते हैं। यदि आंख में कोई किरकिरी हो तो गाय का दूध डालने से शांति मिलेगी, और यदि आंकड़ी का दूध डाल दिया तो आंख फट जायेगी। इस दौरान शालीमार एन्क्लेव सकल जैन समाज ने उपाध्यायश्री विहसंतसागर महाराज के समक्ष श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शुभम जैन, जगदीश प्रसाद जैन, राजकुमार जैन गुड्डु, राजू गोधा, प्रमोद जैन, राहुल जैन, अनुज जैन, अंकेश जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।






## आईएमडी बोला- ला नीना के कारण अधिक बारिश होगी

# सामान्य से बेहतर मानसून का इस बार अनुमान

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम मानसून को लेकर भारत के लिए अच्छी खबर है। इस साल भारत समेत दक्षिण एशिया में मानसून सीजन यानी जून से सितंबर के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होने का अनुमान है। साउथ एशियन क्लाइमेट आउटलुक फोरम (एसएएससीओएफ) ने 2024 के मानसून सीजन के लिए जारी पूर्वानुमान में यह बात कही है। एसएएससीओएफ ने पूर्वानुमान में कहा है कि दक्षिण एशिया के उत्तरी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। इस दौरान अधिकतर क्षेत्रों में सामान्य से ऊपर तापमान रह सकता है। यह क्षेत्रीय जलवायु पूर्वानुमान दक्षिण एशिया के सभी नौ राष्ट्रीय मौसम विज्ञान और जल विज्ञान सेवाओं (एनएमएचएस) ने तैयार किया है। इसमें एसएएससीओएफ के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद ली गई है।

### औसत से ज्यादा बारिश का अनुमान

एसएएससीओएफ की रिपोर्ट आने से पहले ही भारत मौसम विभाग यानी आईएमडी ने भारत में पहले ही सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जता चुका है। पिछले महीने आईएमडी ने दक्षिणपश्चिम मानसून सीजन के लिए जारी अपने पूर्वानुमान ने कहा था कि भारत में दीर्घकालिक औसत (एलपीए) का 106 फीसदी बारिश होगी। आईएमडी ने यह भी कहा था कि चार महीने के सीजन के बाद के दो महीने (अगस्त-सितंबर) में अधिक वर्षा होगी, क्योंकि तब ला नीना की अनुकूल प्ररिस्थितियां बनेंगी।

### अभी मध्यम अल नीनो की स्थिति

फोरम ने कहा कि वर्तमान में मध्यम अल नीनो की स्थितियां बनी हुई हैं। चार महीने के मानसून सीजन के पहले दो महीने यानी जून-जुलाई के दौरान अल नीनो की स्थिति तटस्थ बने रहने की उम्मीद है। उसके बाद के दो महीने यानी अगस्त-सितंबर के दौरान ला नीना की अनुकूल स्थिति बनने की पूरी संभावना है।

### क्या है अल नीनो, ला नीना

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीएस पाई ने बताया कि अल नीना की स्थिति में मध्य प्रशांत महासागर में सतह का पानी गर्म हो जाता है और इसके परिणामस्वरूप भारत में दक्षिणपश्चिम मानसून कमजोर पड़ जाता है और सूखे की स्थिति बन जाती है। वहीं, ला नीना की स्थिति में ठीक इसके उलट होता है और इसके प्रभाव से मानसून सीजन में सामान्य से अधिक वर्षा होती है।



### गृहमंत्री के फर्जी वीडियो का मामला

## 8 राज्यों में 16 को नोटिस, आज दिल्ली में पूछताछ के लिए तलब



**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के मामले में दिल्ली पुलिस ने अब तक 8 राज्यों में 16 से ज्यादा लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें हरियाणा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव भी शामिल हैं। पुलिस कहना है कि फर्जी वीडियो को एक्स पर डालने वाले 25 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। काफी वीडियो डिलीट करवा दिए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी लोग इसे एक्स पर पोस्ट कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपने हैंडल से इसे पोस्ट किया है, पुलिस उन सभी को पूछताछ के लिए बुला रही है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की साइबर विंग इंटेलिजेंस फ्यूजन व स्ट्रेटजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जांच नगालैंड, झारखंड, तेलंगाना, यूपी, एमपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैल चुकी है। दिल्ली के ओम विहार निवासी एक व्यक्ति को भी नोटिस दिया गया है। हालांकि, इस व्यक्ति का कहना है कि उसका मोबाइल कोई और इस्तेमाल कर रहा है। नोटिस देने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें भेजी गई हैं। फर्जी वीडियो वायरल करने वाले 25 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। इनमें ज्यादातर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हैं। सभी को पूछताछ के लिए एक मई

> जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं, उनसे पूछताछ कर फर्जी वीडियो प्राप्त करने का स्रोत पूछा जाएगा। इससे पुलिस को वीडियो बनाने वाले शख्स को पकड़ने में आसानी होगी।
>
> **- डॉ. हेमंत तिवारी, पुलिस उपायुक्त आईएफएसओ, स्पेशल सेल, दिल्ली पुलिस**

को सुबह 10:20 बजे द्वारका स्थित आईएफएसओ के ऑफिस में बुलाया गया है। सभी बुधवार को नहीं आए तो फिर से कानूनी नोटिस दिया जाएगा। आईएफएसओ की टीम सोशल मीडिया के सभी माध्यमों को देखकर यह पता करने की कोशिश कर रही है कि 27 अप्रैल से किन-किन राज्यों में किन लोगों ने अब तक एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है।

## हिंदू विवाह संस्कार है, नाच-गाने का आयोजन नहीं': सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में पवित्र संस्था का दर्जा हासिल है। यह नाचने गाने का आयोजन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा, हिंदू विवाह को वैध बनाने के लिए इसे उचित संस्कारों व रीतियों के साथ किया जाना चाहिए। विवाह से जुड़ी रीतियों का निष्ठापूर्वक पालन होना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने कहा, विवादों के मामले में रीतियों के पालन का प्रमाण पेश करना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी जरूरतों व पवित्रता को स्पष्ट किया। जस्टिस बीवी नागरत्ना व जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, पारंपरिक संस्कारों या सप्तपदी जैसी रीतियों के बिना की गई शादी को हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। दूसरे शब्दों में, अधिनियम के तहत वैध विवाह के लिए अपेक्षित रीतियों का पालन करना होगा। ऐसा न करने पर वह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं होगा।

## रूस ने ओडेसा में किया मिसाइल हमला, पांच लोगों की मौत

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, एक बार फिर रूस की तरफ से मिसाइल हमला किए जाने की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा में मिसाइल हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस हमले में कई आवासीय भवनों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले रूसी सीमा से सिर्फ 30 किलोमीटर दूर स्थित यूक्रेनी शहर खार्किव पर ग्लाइड बमों से



हमला किया गया था। उस हमले में दो नागरिक घायल हो गए थे। इस हमले में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। यूक्रेन दो वर्षों से अधिक समय से रूसी आक्रमण को रोक रहा है। रूसी सेना आए दिन खार्किव और ओडेसा के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागती रहती है।

## राष्ट्रीय समिति बोली- खून के थक्के जमने के मामले आधे फीसदी से भी कम; 60% साइड इफेक्ट तनाव जनित

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना टीका और टीकाकरण की तस्वीर ब्रिटेन से अलग है। ब्रिटेन के कोर्ट में एस्ट्राजेनेका ने कुछ दुर्लभ मामलों में प्रतिकूल प्रभावों (जैसे खून के थक्के जमने) की पुष्टि की है।

भारत में टीकाकरण के बाद खून के थक्के के केस कुल टीकाकरण की तुलना में आधा फीसदी (0.5) भी नहीं मिले हैं। प्रतिकूल प्रभावों में से 60 फीसदी से अधिक के लिए टीकाकरण को लेकर डर, इंजेक्शन फोबिया जैसे तनाव व कुछ अन्य बीमारियां जिम्मेदार रही हैं। ये



आंकड़े टीकाकरण के प्रतिकूल प्रभाव की जांच लिए गठित राष्ट्रीय समिति की रिपोर्ट के हैं।

2021 से 2023 के बीच समिति ने 16 अलग-अलग बैठक में कुल 1,681 प्रतिकूल मामलों की समीक्षा की। ये सभी मामले कोविशील्ड या कोवाक्सिन टीका की खुराक लेने के बाद तबीयत बिगड़ने पर अस्पतालों में दाखिल हुए लोगों से जुड़े थे। इनमें 520 लोगों की उपचार के दौरान मौत भी हुई। टीके को लेकर तनाव नया नहीं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) का कहना है, टीकाकरण को लेकर तनाव नया नहीं है। इंजेक्शन का तनाव सभी उम्र के लोगों, विशेषकर बच्चों में आम है। कुछ लोग तो टीकाकरण से डरते हैं, देरी करते हैं। इससे धड़कन, सिरदर्द, चक्कर आना, बेहोशी व तनाव से जुड़ी हाइपरवेंटिलेशन जैसी परेशानियां होती हैं।

## संपादकीय

# ऐसे कैसे जीतेगी कांग्रेस!

लोकसभा चुनाव के बीच भी कांग्रेस का झगड़ा सुलझ नहीं रहा है। दिल्ली और उससे सटे हरियाणा से लेकर पंजाब और महाराष्ट्र तक पार्टी के आंतरिक झगड़े का असर चुनाव पर पड़ रहा है। चुनाव के बीच दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आम आदमी पार्टी से तालमेल पर सवाल उठाया है लेकिन ऐसा लग रहा है कि उनके पार्टी छोड़ने का कारण वह नहीं है। उन्होंने इस तालमेल को स्वीकार कर लिया था। लेकिन टिकट बंटवारे और संगठन के पदाधिकारियों की नियुक्ति को लेकर जिस तरह से पार्टी के प्रभारी दीपक बाबरिया ने मनमानी की उससे पार्टी के अनेक नेता नाराज हैं। दिल्ली प्रदेश कमेटी में कोई नहीं चाहता था कि कन्हैया कुमार और उदित राज चुनाव लड़ें। लेकिन कथित तौर पर राहुल गांधी ने इनका फैसला कराया।सोनिया गांधी ने पार्टी के पुराने नेता जयप्रकाश अग्रवाल की टिकट चांदनी चौक से कराई और राहुल गांधी ने क्या किया? राहुल ने भाजपा से आए उदित राज को उत्तर पश्चिम सीट पर और सीपीआई से कांग्रेस में आए कन्हैया कुमार को उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से टिकट दिलवा दी।उत्तर पूर्वी दिल्ली में कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिमी दिल्ली में उदित राज के खिलाफ नाराजगी दिख रही है। इसका कारण यह है कि कांग्रेस ने इन दोनों क्षेत्रों में दो स्थानीय और पुराने कांग्रेस नेताओं को संकेत दिया था कि वे चुनाव लड़ सकते हैं। माना जा रहा था कि उत्तर पूर्वी दिल्ली से संदीप दीक्षित लड़ेंगे और उत्तर पश्चिमी दिल्ली से राजकुमार चौहान को टिकट मिलेगी। गौरतलब है कि पिछली बार उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से शीला दीक्षित चुनाव लड़ीं थीं और उनको चार लाख से ज्यादा वोट मिले थे। राजकुमार चौहान लंबे समय तक शीला दीक्षित की सरकार का दलित चेहरा थे और उनकी सरकार में मंत्री भी थे। संदीप दीक्षित और राजकुमार चौहान के नाम की चर्चा चल रही थी और उसी बीच कन्हैया कुमार और उदित राज पैराशूट से लैंड हो गए। कन्हैया बिहार के रहने वाले हैं और सीपीआई से कांग्रेस में आए हैं और उदित राज उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं और भाजपा से कांग्रेस में आए हैं। इनको कांग्रेस के संगठन का समर्थन नहीं मिल रहा है। उदित राज के खिलाफ पार्टी के नेताओं ने प्रदर्शन किया, जिसके लिए राजकुमार चौहान को नोटिस भेजा गया है। पिछली बार कांग्रेस की टिकट पर राजेश लिलोठिया चुनाव लड़े थे। वे भी निष्क्रिय हो गए हैं। इन दोनों के साथ एक समस्या यह भी है कि आम आदमी पार्टी के नेता भी पूरी तरह से सहयोग नहीं कर रहे हैं। वे सारी शक्ति अपने कोटे की चार सीटों में लगा रहे हैं। सो, अगर कांग्रेस संगठन पूरी तरह से एकजुट नहीं हुआ तो इन दोनों के लिए मुश्किल होगी। अब दोनों के साथ न तो कांग्रेस के नेता सहयोग कर रहे हैं और न आम आदमी पार्टी के नेता कर रहे हैं। इन दोनों का अगर कुछ आधार है तो वह सोशल मीडिया में ही है। लवली ने इस्तीफा दिया है लेकिन वे विरोध करने वाले अकेले नहीं हैं। दिक्कत यह है कि जैसे ही लवली ने इस्तीफा दिया उनको भाजपा का एजेंट बताया जाने लगा और कहा जाने लगा कि वे लोकसभा भी हार गए थे और विधानसभा भी। हो सकता है कि वे भाजपा के एजेंट हों लेकिन उन्होंने जो सवाल उठाए उन पर तो पार्टी को विचार करना चाहिए। जहां तक हारने का सवाल है तो दिवंगत शीला दीक्षित से लेकर पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन तक दिल्ली के सारे बड़े नेता लोकसभा और विधानसभा चुनाव सब हारे हुए हैं। वहीं हरियाणा में टिकट बंटवारे की लड़ाई भूपेंद्र सिंह हुड्डा जीत गए हैं। उन्होंने जिसको चाहा उसको टिकट मिली। उन्होंने जिसका विरोध किया उसकी टिकट कट भी गई। सो, हुड्डा जीत गए लेकिन कांग्रेस का क्या होगा? क्या कांग्रेस हरियाणा में जीतेगी? ध्यान रहे 2004 से लेकर अभी तक यानी पिछले 20 साल से हरियाणा कांग्रेस हुड्डा के हवाले है। लेकिन पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का सफाया हुआ। 2014 में 10 में से कांग्रेस सिर्फ एक रोहतक सीट जीती, जहां से उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा सांसद बनें। उस चुनाव में ओमप्रकाश चौटाला की पार्टी भी दो सीट जीत गई थी। 2019 के चुनाव में तो कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई। इस बार कांग्रेस नौ सीटों पर लड़ रही है और एक सीट आम आदमी पार्टी को दी गई है।हुड्डा ने भिवानी महेंद्रगढ़ सीट पर किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी की टिकट कटवा दी। इसी तरह भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में लौटे बड़े जाट नेता बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह को भी हिसार सीट से टिकट नहीं मिली। हुड्डा ने हिसार से अपने करीबी जाट नेता जयप्रकाश को टिकट दिलवाया और भिवानी से पिछड़ी जाति के राव दान सिंह को उतारा। अपने असर वाले सोनीपत सीट पर उत्तराखंड की हरिद्वार सीट पर पिछली बार विधानसभा का चुनाव हारे सतपाल ब्रह्मचारी को टिकट दिलवाया है। उनकी मार्केटिंग यह है कि वे हरिद्वार में आश्रम चलाते हैं। लेकिन जहां आश्रम चलाते हैं वहीं विधानसभा चुनाव नहीं जीत सके थे तो हरियाणा में लोकसभा चुनाव कैसे जीतेंगे? हुड्डा ने अंबाला सीट से अपने करीबी फूलचंद मुलाना के बेटे वरुण चौधरी को टिकट दिलवाई है। उनके विरोधियों में सिर्फ एक कुमारी शैलजा सिरसा से टिकट हासिल करने में कामयाब रहीं।

महाराष्ट्र के लातूर में पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

# मेरे अंदर बड़ी चिप, मैं कभी छोटा नहीं सोच पाता



**मुंबई।** जब भगवान ने मुझे बनाया तो उन्होंने मुझमें छोटी नहीं ब्लकि बड़ी चिप लगाई। इस वजह से मैं कभी छोटा नहीं सोच पाता। यह कहना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। महाराष्ट्र के लातूर में अपने महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण को साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ओलंपिक, पैरा ओलंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों सहित अन्य खेलों में भारतीय खिलाड़ी दशकों पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सपना है कि भारत 2029 में यूथ ओलंपिक की मेजबानी करे। मेरा सपना है कि भारत 2036 में ओलंपिक आयोजित करे।

**देश की सुरक्षा व्यवस्था का किया जिक्र**

26/11 आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें केवल पाकिस्तान को फाइल ही भेज पाती थी। आज हम अपने दुश्मनों को उनके ही देश में घुस कर मार रहे हैं। 2014 से पहले रेलवे स्टेशन, बस अड्डे सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लावारिस वस्तुओं से दूर रहने की चेतावनी 24 घंटे दी जाती थी लेकिन अब वो लावारिस वस्तुएं कहां चली गई। उस समय के अखबारों में आए दिन बम धमाकों की खबरें छपती थीं लेकिन पुलिस उन खतरों का सामना करने के लिए तैयार ही नहीं थी लेकिन भारत आज हमारी सीमाओं पर टेढ़ी नजर रखने वालों गो कड़ा जवाब देता है।

**इंडी गठबंधन पर निशाना**

इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी मैं एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शहजादे बीमार हो जाते हैं। वे कहते हैं कि मैं क्यों भारत की बात करता हूं। देश को टुकड़ों में बांटने का सपना देखने वाले नेता प्रधानमंत्री की कुर्सी भी बांटना चाहते हैं। उनकी योजना है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री, जिसका मतलब साफ है- देश को बारी-बारी से लूटना। क्या आप वैश्विक अशांति के मौजूदा दौर में अपने देश को अनिश्चितता में डाल सकते हैं।

**कांग्रेस घोषणापत्र की आलोचना**

कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि वे आपकी मेहनत से कमाई गई संपत्ति को लूटने की अनुमति देंगे। कांग्रेस की योजना है कि वे आपकी संपत्ति का एक्स-रे करेंगे फिर इसे जब्त कर अपने वोट बैंक में बांट देंगे। क्या आप कांग्रेस को अपनी संपत्ति लूटने देंगे?

# कांग्रेस की चिंता, रायबरेली से कौन लड़ेगा चुनाव?

## अमेठी में रहेंगे राहुल, प्रियंका तीन मई तक प्रचार में व्यस्त



**रायबरेली।** भाई, बहन लोकसभा में और मां राज्यसभा में रहें, तो कैसा रहेगा? जनता के बीच में क्या संदेश जाएगा? या फिर प्रियंका गांधी रायबरेली में, राहुल गांधी और वरुण गांधी अमेठी की राजनीतिक लड़ाई में उलझेंगे, तो कांग्रेस का प्रचार कौन करेगा? क्या एक सीट के लिए 10 सीटों का नुकसान सहा जाए या फिर अमेठी और रायबरेली से राहुल, प्रियंका के चुनाव लड़ने से 10 अतिरिक्त सीटों का फायदा होगा? आजकल कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का 10 जनपथ आवास इसी नफा-नुकसान में जुटा है। एक मई की सुबह तक बड़ा फैसला हो जाने की उम्मीद है।

एक मई को सुबह तक राहुल गांधी के अमेठी पहुंचने की संभावना है। उनके चुनाव लड़ने की भी घोषणा होने की उम्मीद है। एडवोकेट कौशिक अमेठी पहुंच चुके हैं। कांग्रेस के अमेठी, रायबरेली के रणनीतिकार केएल शर्मा भी अमेठी के लिए जाने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्र के हवाले से आई यह खबर पक्की है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। जल्द ही नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने पर मंथन चल रहा है।

सोनिया गांधी ने जिस दिन रायबरेली वासियों को चिट्ठी लिखी थी, उस दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा के तीन करीबियों (संदीप सिंह समेत) ने उनसे (प्रियंका) रायबरेली में चुनाव प्रचार अभियान को लेकर इजाजत मांगी थी। लेकिन प्रियंका ने तब उन्हें रुकने के लिए कहा था। दो दिन पहले भी प्रियंका से जब उनकी टीम के लोगों ने पूछा, तो उन्हें रुकने के लिए कहा है। मंशा साफ है कि शायद प्रियंका रायबरेली से चुनाव लड़ने की कम इच्छुक हैं। हालांकि कांग्रेस पार्टी के चुनाव रणनीतिकारों में गिने जाने वाले सुनील कानूगोलू काफी उत्साहित हैं। सुनील कानूगोलू के करीबी का कहना है कि प्रियंका और राहुल गांधी दोनों को चुनाव मैदान में उतरना चाहिए। राहुल अमेठी से और प्रियंका रायबरेली से अच्छी बढ़त हासिल करेंगी। लेकिन पहले राहुल गांधी ने सवाल खड़ा किया।

# राज बब्बर के सामने दिग्गज कांग्रेसी ही बनेंगे बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कांग्रेस ने मंगलवार को एक और उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। कांग्रेस की इस लिस्ट में कई बड़े और हाईप्रोफाइल नेताओं के नाम शामिल हैं। कांग्रेस ने इस लिस्ट में तीन राज्यों की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। इनमें कांग्रेस ने हरियाणा के गुरुग्राम लोकसभा सीट से अभिनेता से नेता बने राज बब्बर को चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा सीट पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा पर भरोसा जताया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, हरियाणा प्रदेश कमेटी ने गुरुग्राम सीट पर दो नामों का पैनल राष्ट्रीय कमेटी को भेजा गया था। इसमें राज बब्बर और कैप्टन अजय सिंह यादव का नाम शामिल था। गुरुग्राम सीट से उम्मीदवार चयन के मामले ने कांग्रेस हाईकमान ने कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा की पसंद का ख्याल रखा। पूर्व सीएम हुड्डा गुरुग्राम से राज बब्बर को चुनाव लड़वाना चाहते थे। जबकि कांग्रेस के अन्य गुट स्वराज इंडिया पार्टी के संयोजक योगेंद्र यादव का नाम आगे बढ़ा रहे थे।



दरअसल, गुरुग्राम में बड़ी संख्या में पंजाबी वोट के साथ ही सिने स्टार राज बब्बर को अपने फिल्मी फैन का साथ भी मिल सकता है। इसके अलावा कांग्रेस के खांटी वोटर भी इस सीट पर अपना अलग वजूद रखते हैं, लेकिन अपनी पार्टी के ही कुछ नेताओं का भितरघात उन्हें परेशान कर सकता है। ऐसे में असंतुष्टों को मनाना भी उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में राव इंद्रजीत सिंह को 8,81,546 वोट मिले थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रहे कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव के पास 4,95,290 वोट थे। हाल ही में कांग्रेस नेता कैप्टन अजय यादव ने राज बब्बर के नाम टिकट की दौड़ में आने पर उन पर निशाना साधा था।



# ऐनी ने बताया कि कैसे मातृत्व ने 'द आइडिया ऑफ यू' में उनकी भूमिका को समझने में मदद की

वॉशिंगटनः अभिनेता ऐनी हैथवे ने साझा किया कि कैसे एक माँ होने के नाते उन्हें रोमांटिक कॉमेडी 'द आइडिया ऑफ यू' में अपने चरित्र को समझने में मदद मिली, पीपल की रिपोर्ट। न्यूयॉर्क शहर में 'द आइडिया ऑफ यू' के प्रीमियर के दौरान, 41 वर्षीय हैथवे ने साझा किया कि वह अपने बच्चों, बेटों जोनाथन (8) और जैक (4) के लिए जो प्यार महसूस करती हैं, जिसे वह अपने पति एडम शुलमैन के साथ साझा करती हैं – ने उन्हें मदद की। उसके चरित्र सोलेन को समझें।हैथवे ने कहा, ₹मुझे नहीं लगता कि मां का किरदार निभाने के लिए मां होना जरूरी है। मुझे लगता है कि यह कई अलग-अलग कलाकारों के लिए खुला होना चाहिए।₹ ₹लेकिन मेरे लिए, उस प्यार की गहराई को समझने के संदर्भ में जो आप इस व्यक्ति के लिए महसूस कर सकते हैं और आप क्या करने को तैयार हैं, मुझे ऐसा लगा जैसे हेस के लिए प्यार सोलेन के लिए और भी बड़ा हो गया क्योंकि वह अपनी बेटी से अधिक प्यार करती है किसी भी चीज से ज्यादा," उसने आगे कहा। उन्होंने साझा किया, ₹मेरा मतलब है, हम अपने बच्चों को शब्दों से परे प्यार करते हैं और उनके लिए उनकी जगह अपनी बेटी को चुनना, मुझे नहीं पता, इसने उनके प्यार को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है।



# पुष्पा २ का पहला गाना कल होगा रिलीज

नई दिल्ली। जब से 'पुष्पा 2ः द रूल' की झलक रिलीज हुई है, तब से प्रशंसक और दर्शक अल्लू अर्जुन स्टारर इस फिल्म के भव्य टीजर को देखकर उत्साहित हैं। पुष्पा के रूप में अल्लू अर्जुन का मास जथारा लुक एक कमर्शियल पॉटबॉयलर होने का वादा करता है। आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के अवसर पर जारी की गई इस झलक ने डिजिटल दुनिया में तहलका मचा दिया है। टीजर रिलीज के बाद, निमार्ताओं ने 1 मई, 2024 को अपने पहले सिंगल 'पुष्पा पुष्पा' की रिलीज की घोषणा की। घोषणा के बाद, निमार्ता फिल्म से रोमांचक नए अपडेट का इंतजार कर रहे थे, और हाल ही में एक रोमांचक अपडेट में, निर्माताओं ने छह भाषाओं में पहला सिंगल 'पुष्पा पुष्पा' रिलीज करने की घोषणा की, जिसमें तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम और बंगाली शामिल हैं। इस खबर की घोषणा करते हुए, निमार्ताओं ने अल्लू अर्जुन को उनके सबसे बड़े अवतार में दिखाते हुए एक नया पोस्टर जारी किया और कैप्शन दिया।



# रश्मिका मंदाना


## ने की 100 किलोग्राम की डेडलिफ्ट

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना, जो अपनी आगामी फिल्मों 'पुष्पा 2ः द रूल' और 'कुबेर' की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिम जा रही हैं और एक 'जानवर' की तरह महसूस कर रही हैं।अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में अपनी फिटनेस रूटीन की एक झलक साझा की और अपने फॉलोअर्स को बताया कि उन्होंने सफलतापूर्वक 100 किलोग्राम की डेडलिफ्ट पूरी कर ली है।व्यस्त कार्यक्रम और लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद, अभिनेत्री अपनी फिटनेस के प्रति समर्पित रहती है।अपने नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट में, रश्मिका ने अपने प्रशंसकों के साथ एक हार्दिक संदेश साझा किया, जिसमें उन्हें अपनी दैनिक दिनचर्या और शूटिंग शेड्यूल की एक झलक दी गई।वीडियो में अभिनेत्री को डेडलिफ्ट करते हुए देखा जा सकता है, जिसे उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर साझा किया है।उन्होंने वीडियो में लिखा, ह्लप्रिय डायरी, हम्म्म्मङ्ग

इतनी देर तक रातों की शूटिंग कर रही हूं कि मुझे नहीं पता कि कहां से शुरू करूं। रात की शूटिंग के बाद सुबह 8 बजे अपने कमरे में वापस आया, खाना खाया, लेकिन नींद ही नहीं आई। इसलिए, मैंने एक किताब पढ़ी और दोपहर 12 बजे के आसपास बिस्तर पर चला गया। शाम को 6 बजे उठा, कुछ कार्डियो करना चाहता था लेकिन मन नहीं लगा। इसके बजाय, मैंने फोन पर कुछ काम किया और एक किताब पढ़ी। हालाँकि, मेरा शरीर कुछ खाने के लिए तरसता रहा (हमेशा की तरह), इसलिए मैंने इधर-उधर कुछ स्नैक्स खा लिए।₹अभिनेत्री ने आगे उल्लेख कियाः ₹रात के लगभग 1 बजे, मैं वर्कआउट के लिए गई... आज 100 किलोग्राम डेडलिफ्ट की और कुछ पैर... एक शक्तिशाली जानवर की तरह महसूस किया। साथ ही, मैंने इस दौरान एक फिल्म भी देखी। ओह, और अब मेरे घुटने को भी आराम मिल गया है, इसलिए मैं फिर से दौड़ना शुरू करने के लिए

# राजेश खन्ना

## का कर्जदार मानते थे मन्ना डे, सुरैया के साथ चमकी थी सिंगर की किस्मत



मुंबई : 1 मई 1919 को कलकत्ता (कोलकाता) में जन्मे प्रभोध चंद्र डे उर्फ मन्ना डे म्यूजिक जगत का वो हीरा थे, जिनकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता है। सिनेमा को सदाबहार गाने देने वाले 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' (शोले), 'एक चतुर नार' (पड़ोसन), 'बाबू समझो इशारे' (चलती का नाम गाड़ी) और 'प्यार हुआ इकरार हुआ' (श्री 420) जैसे गाने आपके प्ले लिस्ट में जरूर शुमार होंगे। इन गानों को मन्ना डे ने ही गाया था।

### बचपन से था संगीत से लगाव

मन्ना डे को शुरू से ही संगीत से गहरा जुड़ाव रहा। जब वह स्कूल में थे तो स्टेज शो किया करते थे। फिर धीरे-धीरे उनकी दिलचस्पी स्पोर्ट्स में भी बढ़ी और बॉक्सिंग व पहलवानी करने लगे। मगर फिर भी वह भटके नहीं और आगे चलकर उन्होंने संगीत को ही चुना। विद्यासागर कॉलेज से ग्रेजुएशन करने के बाद कृष्ण चंद्र डे और उस्ताद दाबिर खान से संगीत की तालीम हासिल की और आ गये मुंबई।

### सुरैया के साथ शुरू किया करियर

संगीत की तालीम हासिल करने के बाद मन्ना डे साल 1939 में मुंबई आ गये थे। यहां उन्होंने करीब तीन साल तक संघर्ष किया। कई म्यूजिक डायरेक्टर्स को असिस्ट करने के बाद उन्हें पहला बड़ा ब्रेक मिला, वो भी उस समय की मशहूर अदाकारा और सिंगर सुरैया के साथ। फिल्म 'तमन्ना' (1942) का गाना 'जागो आई उषा पोंछी बोले जागो' से वह इंडस्ट्री में चमक उठे।

### राजेश खन्ना के कर्जदार थे मन्ना डे

मन्ना डे सिनेमा के ऐसे गायक थे, जिनके फैन मोहम्मद रफी भी हुआ करते थे। मगर क्या आपको पता है कि वह किसके फैन थे? आपको जानकर हैरानी होगी कि मन्ना डे पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के दीवाने थे। उन्होंने ज्यादातर वो गाने गाये जिसमें राजेश खन्ना थे। जिस तरह राजेश किसी भी गाने को फिल्माते थे, वो अंदाज मन्ना डे को खूब पसंद आता था। एक बार तो सिंगर ने कह दिया था कि वह राजेश खन्ना के हमेशा कर्जदार रहेंगे, अभिनेता उनके गानों को जिंदादिल बना देते थे।

### मन्ना डे की पर्सनल लाइफ

मन्ना डे केरल की रहने वाली सुलोचना कुमारन से शादी की थी। मन्ना और सुलोचना की दो बेटियां शुरोमा और शुमिता हैं। शुरोमा यूएस में साइंटिस्ट थीं, जिनका 2016 में निधन हो गया था। दूसरी बेटी शुमिता बैंगलोर बेस्ड बिजनेसवुमन हैं। पत्नी के निधन के ठीक एक साल बाद हार्ट अटैक से मन्ना भी दुनिया को अलविदा कह गये थे।



### मन्ना डे के बेस्ट सॉन्ग्स

3 हजार से ज्यादा गानों को अपनी आवाज दे चुके मन्ना डे ने काबिलियत के दम पर कई अवॉर्ड्स अपने नाम किये हैं। उन्हें 1971 में पद्म श्री, 2005 में पद्म भूषण, 2007 में दादा साहेब फाल्के और 2011 में बंगा विभूषण से सम्मानित किया गया था।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया





# संजू सैमसन 'साइलेंट फाइटर' जिन्होंने अपनी किस्मत खुद बनाई

बेंगलुरु। संजू सैमसन और उनके वफादार प्रशंसकों ने शायद तब राहत की सांस ली होगी जब उन्हें यूएसए और कैरेबियन में टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में नामित किया गया था।उनका क्षण इस आईपीएल के दौरान अतीत में दरवाजे पर हुई नाजुक दस्तक के बाद आया, जहां सैमसन ने अब तक नौ मैचों में 161.08 की स्ट्राइक-रेट से 385 रन बनाए हैं।इसकी तुलना में, ऋषभ पंत के बाद दूसरे विकेटकीपर-बल्लेबाज के स्थान के लिए उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी केएल रांहुल ने नौ मैचों में 144.27 के औसत से 378 रन बनाए हैं।परिधि पर, स्ट्राइक-रेट के अलावा उनके बीच अंतर करने के लिए कुछ भी नहीं है, जो कभी-कभी एक गलत तस्वीर पेश कर सकता है।लेकिन सैमसन के मामले में ये आंकड़े राजस्थान रॉयल्स की गुलाबी जर्सी में उनके प्रभाव का प्रथम दृष्टया सबूत हैं।अतीत में सैमसन के खिलाफ सबसे जोरदार तर्क टूनार्मेंट की प्रगति के रूप में पठारी प्रदर्शन करने की उनकी प्रवृत्ति थी।आईपीएल 2023 इसका एक उदाहरण था क्योंकि शुरूआत में कुछ धमाकेदार अर्धशतकों के बाद, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने ऐसा कुछ नहीं किया जिसके बारे में घर पर लिखा जाए।लेकिन सैमसन ने वास्तव में अपनी नियमित चूक के बारे में कभी शिकायत नहीं की, उन्होंने खुद को एक बेहतर संस्करण में अपग्रेड किया।अब उनमें एक फौलादीपन आ गया है. रॉयल्स का लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उसके घर में 197 रनों का पीछा करना उनके नए धैर्य का एक शानदार उदाहरण है। सक्षम गेंदबाजों के सामने लखनऊ में 197 रन का पीछा करना आसान काम नहीं है और रॉयल्स ने पारी की शुरूआत में ही जोस बटलर को भी खो दिया था।9वें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 78 रन था, सैमसन (नाबाद 71, 33 गेंद 7७4, 4७6) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 52, 34बी) ने आरआर को एक ओवर शेष रहते सात विकेट से जीत दिला दी।थोड़े मनोरंजक ट्रैक पर स्पिनरों, खासकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के साथ उनके व्यवहार ने बड़े दिग्गजों का ध्यान खींचा होगा।जब बिश्नोई द्वारा फेंका गया 16वां ओवर शुरू हुआ, तब भी रॉयल्स लक्ष्य से काफी दूर थे। लेकिन सैमसन ने स्पिनर को दो चौके और एक छक्का लगाकर अंतर को कम कर दिया।लेकिन सैमसन ने बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पंड्या की स्टंप्स पर कसी हुई रेखाओं का भी उतना ही सम्मान किया और स्कोरबोर्ड को चालू रखने के लिए अच्छी तरह से गणना की गई एक और दो रन लिए। पुराने समय के सैमसन ओवरों पर खुद को थोपने की कोशिश करते हुए, एक तेज शॉट के साथ उस मंच को गिरा सकते थे।लेकिन यहां, दाएं हाथ के खिलाड़ी में इतना धैर्य था कि वह मौके का इंतजार कर सकता था और इतना आश्वस्त था कि अंततः उनके रास्ते में आने के बाद वह उनका फायदा उठा सकता था।कौशल और स्वभाव के उस विलय ने उन्हें पहले की तुलना में कहीं अधिक वांछनीय खिलाड़ी बना दिया है।इसके साथ ही, उनकी प्राकृतिक छक्का मारने की क्षमता और लचीलापन उन्हें एक अनमोल वस्तु बनाती है।

# लखनऊ ने मुंबई को 4 विकेट से हराया

इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के मैच नंबर-48 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस (टक) को चार विकेट से हरा दिया. लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मुंबई ने लखनऊ को जीत के लिए 145 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने आखिरी ओवर में हासिल कर लिया. मौजूदा सीजन में मुंबई इंडियंस की यह 10 मैचों में सातवीं हार रही. दूसरी तरफ लखनऊ सुपर जायंट्स की यह 10 मैचों में छठी जीत रही. लखनऊ अब अंकतालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है. वहीं मुंबई नौवें नंबर पर है.लखनऊ की जीत के हीरो मार्कस स्टोइनिस रहे, जिन्होंने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया. स्टोइनिस ने 3 ओवरों में 19 रन देकर एक विकेट लिया. फिर उन्होंने बैटिंग के दौरान 45 गेंदों पर 62 रन बनाए, जिसमें सात चौके और दो छक्के शामिल रहे. इसके अलावा केएल राहुल ने 28, दीपक हुड्डा ने 18 और निकोलस पूरन ने नाबाद 14 रन बनाए. मुंबई की ओर से कप्तान हार्दिक पंड्या ने सबसे ज्यादा दो विकेट चटकाए.






# 'जब आईपीएल शुरू हुआ, मैं सीएसके का बहुत बड़ा प्रशंसक था': दिल्ली कैपिटल के कुलदीप यादव

नई दिल्लीः भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने टूनामेंट शुरू होने पर अपनी पसंदीदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम के बारे में बात करते हुए कहा कि वह पांच बार के चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। ). कुलदीप सोमवार को स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर बोल रहे थे। जब आईपीएल शुरू हुआ, तो मैं सीएसके का बहुत बड़ा प्रशंसक था। मैथ्यू हेडन, एमएस धोनी, टीम बहुत अच्छी थी और मैं एक कट्टर प्रशंसक था। अंडर-19 खेलने के बाद, मुझे 2012 में मुंबई इंडियंस द्वारा चुना गया था। इससे पहले, मैं ऐसा करता था आईपीएल देखें और यह मेरे लिए केवल 'सीएसके सीएसके' था, जब मुझे एमआई द्वारा चुना गया, तो मैंने सोचा कि चलो अब एमआई में स्थानांतरित हो जाएं," कुलदीप ने कहा। कुलदीप ने एमआई के लिए एक भी गेम नहीं खेला और 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा उन्हें चुना गया। वह 2021 तक फ्रेंचाइजी के साथ रहे और 45 मैचों में 40 विकेट लिए। 2022 से कैपिटल्स के लिए 36 मैचों में उन्होंने 43 विकेट लिए हैं। मौजूदा आईपीएल 2024 के आठ मैचों में, कुलदीप ने 15.50 की औसत से 12 विकेट लिए हैं, जिसमें 4/55 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह वर्तमान में प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दिल्ली कैपिटल्स पांच जीत और छह हार के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है। उनके 10 अंक हैं.

**मैं अभी भी प्रशंसक हूं, ऐसा नहीं है कि मैं अभी नहीं हूं, लेकिन जब तक आप युवा हैं, आपसे अपनी पसंदीदा टीम चुनने के लिए कहा जाता है और उस समय वह हमेशा सीएसके ही थी," उन्होंने कहा। स्पिनर ने कहा कि अंडर-19 स्तर का क्रिकेट खेलने के बाद, उन्हें 2012 में मुंबई इंडियंस (एमआई) द्वारा चुना गया था।**

## 01 मई 2024 का राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा. व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा परंतु आपके मन में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी. किसी करीबी व्यक्ति का ट्रांसफर हो सकता है. आप अचानक किसी यात्रा पर जा सकते हैं. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें.

**वृषभ राशि-** आज कुछ नई योजनाएं बना सकते हैं. योजनाएं सही दिशा में बने इस बात का ख्याल रखें. व्यापार में सामान्य लाभ मिलेगा. घर परिवार में सुख शांति का माहौल बना रहेगा. छात्रों को आज पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत होगी.

**मिथुन राशि-** आज आपको कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों से प्रशंसा होगी. व्यापार में आर्थिक लाभ होगा. जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है. आपको अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान रखना होगा. पारिवारिक विवादों के कारण मानसिक चिंता लगी रहेगी. आप अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें.

**कर्क राशि-** आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें. व्यापार में किए गए प्रयास सफल होंगे परंतु आपको अपने साझेदारों से सावधान रहने की आवश्यकता है. आप अपनी गोपनीय बातें किसी के आगे व्यक्त न करें.

**सिंह राशि-** आज कार्यक्षेत्र में किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से दूर रहें. आपको अपने कार्यों के प्रति एकाग्रता बनाए रखना होगा. आप अपने परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं. धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी.

**कन्या राशि-** आज कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा. मानसिक रूप से काफी थका हुआ महसूस करेंगे. व्यापार में कोई बड़ा निवेश न करें, हानि होने की संभावना है. स्वास्थ्य सम्बंधित परेशानी हो सकती है. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

**तुला राशि-** आज का दिन कार्यक्षेत्र के निए मिलाजुला साबित रहेगा. व्यापार में पारिवारिक स्थितियों के कारण तनावपूर्ण माहौल रहेगा. आपके मन में बहुत सी बातों को लेकर चिंताएं लगी रहेंगी. आप बेचैनी का अनुभव करेंगे. वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है.

**वृश्चिक राशि-** आज आप कार्यक्षेत्र में किसी विवाद में फंस सकते हैं. दूसरे के बहकावे में आकर कोई भी कदम न उठाएं. आप अपनी सूझबूझ से निर्णय लें. व्यापार में आपके द्वारा की गई मेहनत का फल आज आपको प्राप्त होगा. पारिवारिक जीवन में मधुरता आएगी.

**धनु राशि-** आज कार्यक्षेत्र में किसी उच्च अधिकारी से विवाद हो सकता है. क्रोध और वाणी पर संयम रखें. व्यापार में आपके मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं, इसलिए आप किसी बात को लेकर किसी से ना उलझें. घर-परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा.

**मकर राशि-** आज कार्यक्षेत्र में लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए फायदेमंद रहेगा. व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ मिलेगा. आप किसी से उपहार प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी वजह से आपका मन प्रफुल्लित रहेगा.

**कुम्भ राशि-**आज आपको कार्यक्षेत्र में धैर्य और संयम से काम लेना होगा. आज का समय चुनौतीपूर्ण रहने वाला है. व्यापार में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी. जीवनसाथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा. माता की सेहत की चिंता लगी रहेगी,परंतु नियमित देख-रेख से उनकी सेहत में सुधार आएगा.

**मीन राशि-** आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत ही संघर्षपूर्ण रहने वाला है. समझदारी से काम लेने की जरूरत है. आपको अपनी सेहत पर खास ध्यान देना होगा. आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी.

## रस्म अदायगी का दिन बनकर रह गया मजदूर दिवस



# मजदूरों की उपेक्षा का जश्न

आज पूरे विश्व में मजदूरों के हितों की रक्षा के दावों के साथ मजदूर दिवस मनाया जा रहा है, लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या विभिन्न सेक्टरों में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति में आजादी के 77 साल बाद भी कोई बदलाव आया है।

एनएनआई

**आगरा।** यहां हम जिले में कार्यरत मजदूरों की बात करते हैं तो जबाव मिलता है नहीं। कई सेक्टरों में काम करने वाले मजदूरों के हितों की सुरक्षा के लिए सरकार ने कानून बनाए, कई मजदूर संगठन मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने का दावा करते हैं। जबकि मजदूरों की स्थिति आज भी 77 साल पहले जैसी ही है। आज भी कई सेक्टरों में काम करने वाले मजदूरों खासकर दिहाड़ी मजदूरों की स्थिति बद से बदतर है और उनके परिजनों के सामने खाने के लाले पड़े हैं। इससे निजात दिलाने में सरकार और मजदूर संगठन अक्षम साबित हो रहे हैं। मजदूरों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिए जाने पर रेलवे, नगर निगम जैसे सरकारी महकमों के सफाई कर्मियों के अलावा दिहाड़ी मजदूरों का हाल जानने का प्रयास किया गया तो कई प्रकार की कमियां दिखीं। हालांकि कागजों और फाइलों में मजदूरों को सारी सुविधाएं मिल रही हैं। ऐसे में मजदूरों के प्रति जिम्मेदारों की दोरंगी नीति उनकी बाजिव हकों का हनन करती हुई दिखती है। इससे निजात दिलाने की जरूरत है। ताकि सही मायने में मजदूर दिवस की सार्थकता साबित हो सके। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी और प्रबुद्ध लोगों को आगे आना होगा।

### दिहाड़ी मजदूरों का दर्द

शहर के लोहामंडी, बेलनगंज, सिकंदरा, कमलानगर सहित अन्य इलाकों में प्रतिदिन मजदूरों का बाजार सुबह से ही सज जाता है। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से युवक-युवती, महिला-पुरुष और वृद्ध अहले सुबह घर से निकलकर शहर के इन स्थानों पर पहुंचते हैं। इन स्थानों पर जुटने वाले दिहाड़ी मजदूरों को एक दिन के काम के लिए अपने नए मालिक की तलाश होती है। काम की तलाश में पहुंचने वाले मजदूरों की किस्मत अक्सर धोखा देती है और प्रतिदिन काम नहीं मिल पाता है। सर्दी-गर्मी और बारिश के मौसम में दिहाड़ी मजदूर काम की तलाश में नियमित रूप से शहर के इन स्थानों पर आते हैं।

### नहीं है इनके लिए कोई सुविधा

दिहाड़ी मजदूरों को काम की तलाश में आने पर किसी प्रकार की सुविधा न तो सरकार मुहैया कराती है और न ही कोई अन्य। मजदूर अपनी किस्मत के भरोसे आते हैं और काम की तलाश करते हैं, लेकिन सरकारी तौर पर इनके लिए आजादी के 77 साल बाद भी कोई सुविधा नहीं दी गई है। ऐसे में मजदूर दिवस के क्या मायने होते हैं यह उन्हें नहीं पता। बस एक दिन काम नहीं होगा और पैसा नहीं मिलेगा, यही वह जानते हैं। इस तरह तो मजदूर दिवस उनके मुंह का निवाला ही छीन रहा है।

